Patrika

Date: 19 February 10; Page: 20; Edition: Indore

# इंदौरियंस देख सकेंगे हाई डेफिनेशन फार्मेट पर आईपीएल

## क्रिकेट महाकुंभ अब मल्टीप्लैक्सेस में

रिपोर्टर



क्रिकेट के शौकीन इंदौर के दर्शक अब आईपीएल का मजा बड़े परदे पर ले पाएंगे। 12 मार्च से शुरू हो रहा क्रिकेट का यह महाकुंभ शहर के मल्टीप्लैक्सेस में दिखाया जाएगा। गुरुवार को युएफओ मूवीज की ओर से सयाजी होटल में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की जानकारी दी गई।

यूएफओ मूवीज के स्ट्रैटेजिक एडवाइजर चारूहास साटम ने बताया कि यूएफओ मूवीज विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल सेटेलाइट नेटवर्क है। हम पूरे भारत के मल्टीप्लैक्सेस में हाई डेफिनेशन फार्मेट में इन मैचों का प्रसारण करेंगे। नवीनतम तकनीक सिने ब्लास्टर की मदद से दर्शक मैचों का लाइव मजा ले पाएंगे। माहौल को वास्तविक बनाने के लिए थिएटर्स को स्टेडियम की तरह सजाया जाएगा और चीयर्स लीडर्स भी मौजूद रहेंगी। इन 45 दिनों में आईपीएल को एक कार्निवाल की तरह पेश किया जाएगा। वेलोसिटी, आइनॉक्स सपना-संगीता, आइनॉक्स सेंट्रल मॉल, पीवीआर मल्टीप्लैक्स में दर्शक मैचों का मजा ले पाएंगे। मैचों को देखने के लिए दर्शक को उतने ही रुपए खर्च करने होंगे जितनी दर में वे एक फिल्म देख लेते है। इसकी बुकिंग के लिए संस्थाएं, क्लब भी संपर्क कर सकते है।